सांवरिया को अपना बनाकर तो देखो

मंदिर के अंदर जिन्हे तुमने देखा,
उन्हें मन के अंदर बिठाकर तो देखो,
दुनिया को अपना बनाकर तो देखा,
सांवरिया को अपना बनाकर तो देखो,
मंदिर के अंदर...........

तेरी पल में झोली ये भर देंगे बाबा,
दुःख दर्द ज़िन्दगी के हर लेंगे बाबा,
मिलेगा तुम्हे भी इन्ही से सहारा,
चौखट पे दामन फैला कर तो देखो,
मंदिर के अंदर...........

बिगाड़ेगा क्या तुम्हारा दुखो का समंदर,
हारे के सहारे हैं मेरे श्याम सुन्दर,
बदल देंगे तक़दीर पल में तुम्हारी,
चरणों में सर को झुका कर तो देखो,
मंदिर के अंदर...........

अवध में धनुष बाण धारे हुए हैं,
वहीँ वृन्दावन में बंसी बजाते,
वही राजेश्वर हैं यही श्याम बाबा,
पर्दा भरम का हटा कर तो देखो,
मंदिर के अंदर...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31630/title/sanwariya-ko-apna-banakar-to-dekho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |